राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

रोटरी क्लब का समारोह आयोजित

मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म-राज्यपाल

जयपुर, 20 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि परस्पर सद्भाव और मैत्री के भावों से संपन्न होना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा और दूसरों की पीड़ा दूर करना ही महानता है। उन्होंने रोटरी जैसे संस्थानों द्वारा वंचितो और जरूतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते प्रभावी कार्य करने का आह्वान किया।

श्री बागडे रविवार को रोटरी क्लब के समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोटरी के मूलमंत्र “सेवा ही सर्वोपरि” की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र की शासन व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ यह पूर्णतः मेल खाता है।

उन्होंने रोटरी क्लब के नेत्र जांच शिविरों, चिकित्सीय सेवाओं, रक्तदान शिविरों एवं वृक्षारोपण जैसे आयोजनों की सराहना की तथा 'विकसित भारत' और खुशहाल राजस्थान के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने रोटरी क्लब द्वारा विद्यालयों में शौचालय, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने और सेवा कार्य के लिए लोगों को प्रेरित करने के कार्य पर भी जोर दिया।

Rotary
UNITE FOR GOOD
RI Distt. 3056
Jaipur, Rajasthan
Club No. 022024
ROTARY CLUB JAIPUR MIDTOWN
The Installation Ceremony of
Rtn. TANUJA AGARWAL, AS PRESIDENT
and Board of Directors for the Year 2025-26
Sunday 20th July 2025, at Hotel Clarks Amer, JLN Marg, Jaipur
Chief Guest
His Excellency, Haribhau Kisanrao Bagade
Honourable Governor of Rajasthan
Installation Officer
PDG Rtn. Anil Agarwal
RID 3056
Secretary
Francesco Arezzo
RI President (2025-26)
Rtn. Pragya Mehta
Dist. Governor (2025-26)
Rtn. Tanuja Agarwal
President (2025-26)
Rtn. Dr. Aditya Nag
Secretary (2025-26)

IIHMR UNIVERSITY